# मुख्यमंत्री ने एचडीएफसी बैंक की 20 शाखाओं का किया शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

6 फरवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में एचडीएफसी के एटीएम का फीता काटकर बैंक की 20 शाखाओं का वर्चुअली शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा है कि एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रदेश में स्व-रोज़गार की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त करने में दिया जा रहा सहयोग सराहनीय है।
- मध्य प्रदेश में एचडीएफसी के मुंबई स्थित हेड ऑफिस तथा प्रदेश की 20 शाखाएँ वर्चुअली जुड़ीं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 लाख 33 हज़ार करोड़ की जमा राशि, 15 लाख 6 हज़ार करोड़ के अग्रिम ऋण और 22 लाख 95 हज़ार करोड़ की बैलेंस शीट के साथ एचडीएफसी भारत का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है।
- इस बैंक का साख जमा अनुपात (सी.डी. रेशियो) 118 प्रतिशत है, जो दर्शाता है कि बैंक द्वारा राज्य के विभिन्न सेक्टर्स को दिया जा रहा ऋण प्रशंसनीय है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंक जनजातीय बहुल और दूरदराज के ज़िलों में साख जमा अनुपात को बेहतर करने के लिये विशेष रूप से प्रयास करे।
- एचडीएफसी बैंक की जिन शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया, उनमें भोपाल की श्यामला हिल्स शाखा, जबलपुर की स्नेह नगर तथा सदर शाखा, इंदौर की मनोरमा गंज, भानपुरा, भौरासला और बसंत विहार शाखा, उज्जैन की तराना शाखा सम्मिलित हैं।
- साथ ही सीहोर की बुधनी, राजगढ़ की खिलचीपुर और कुरावर, निवाड़ी की ओरछा, खंडवा की मूंदी, खरगौन की महेश्वर, दमोह की पलांदी चौराहा, अनूपपुर की बिजौरी, मंडला की नैनपुर, रीवा की गोलपार्क, सतना की पन्ना रोड तथा आगर-मालवा की नरखेड़ा शाखा भी शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-20-branches-of-hdfc-bank